टीवीएस ने लॉन्च की रेडिऑन

टीवीएस ने गुरुवार को अपनी नई कम्यूटर सेगमेंट की बाइक रेडिऑन को लॉन्च कर दिया है। 110 सीसी के इंजन से लैस इस बाइक की एक्स-शोरूम कीमत 48,400 रुपये रखी गई है।

रेडिऑन पूरी तरह से नई बाइक है। इसकी डिजाइन

लैंग्वेज से लेकर शैसी (चेसिस) तक नई है। इस बाइक को उन लोगों को टारगेट करके पेश किया गया है जो रोजाना की कम्यूटिंग के लिए एक किफायती बाइक चाहते हैं। इसका 3-वॉल्व, एयर कूल्ड इंजन 8.3 बीएचपी की पावर और 8.7 Nm ke टॉर्क देता है। कंपनी का दावा है कि यह बाइक 69.3 किलोमीटर प्रति लीटर का माइलेज दे सकती है। इस बाइक में सिंक्रोनाइज्ड ब्रेकिंग तकनीक दी गई है जो कॉम्बी ब्रेक सिस्टम की तरह काम करती है। इसका मुकाबला हीरो मोटोकॉर्प की स्प्लेंडर के अलावा होंडा CD 110 ड्रीम, ड्रीम नियो, बजाज डिस्कवर 110 जैसे बाइक्स से रहेगा।